# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा–माध्य/गुण. एवं प्रशि. अनु./गुण प्र./61198/FLN/2022-23 दिनांक : यथा ई–हस्ताक्षर

**समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक,**
**स्कूल शिक्षा।**

**विषय :–** राज्य के समस्त राजकीय विद्यालयों में कक्षा 2 से 5 तक के विद्यार्थियों हेतु केन्द्रीयकृत FLN Assessment के संबंध मे निर्देश।

**प्रसंग:–** शिक्षा ग्रुप–1 के बैठक कार्यवाहीं विवरण दिनांक– 27.07.2026 एवं राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर के पत्र दिनांक– 04.08.2026 के क्रम में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 तथा निपुण भारत मिशन के उद्देश्यों के अनुरूप विद्यार्थियों में आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक दक्षताओं (Foundational Literacy and Numeracy) का आकलन करने के उद्देश्य से राज्य के समस्त राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत **कक्षा 2 से 5 के विद्यार्थियों हेतु हिन्दी एवं गणित विषय के केन्द्रीयकृत FLN Assessment का आयोजन दिनांक– 22 अगस्त, 2026** को किया जाना है। उक्त मूल्यांकन का उद्देश्य विद्यार्थियों की विभिन्न FLN अधिगम दक्षताओं (Competencies) का आकलन कर उनके अधिगम स्तर का विश्लेषण किया जाना हैं।

उक्त आकलन के संबंध में अग्रांकितानुसार निर्देश प्रदान किये जाते है:–

- **प्रश्न–पत्र की उपलब्धता:–**

  केन्द्रीय FLN Assessment के प्रश्न–पत्र निर्धारित तिथि 22.08.2026 से पूर्व शालादर्पण पोर्टल एवं Shikshak App पर उपलब्ध कराए जाएंगे। समस्त संस्था प्रधान यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रश्न–पत्र समय पर डाउनलोड कर प्रिन्ट करवाकर (केवल प्रिन्टर की सुविधा विद्यालय में उपलब्ध होने पर ही) विद्यार्थियों को उपलब्ध करवायेंगे तथा जिन विद्यालयों में प्रिन्टर की व्यवस्था उपलब्ध नहीं है वे प्रश्न पत्र की प्रति लेकर श्याम पट्ट पर स्पष्ट रूप से प्रश्नों को अंकित करते हुए आकलन करवाया जाना सुनिश्चित करेंगे। Assessment का आयोजन शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी वातावरण में किया जाए, जिससे विद्यार्थियों की वास्तविक अधिगम उपलब्धियों का आकलन हो सके।

  प्रत्येक विषय का प्रश्नपत्र 1 घंटे का होगाा। हिन्दी का प्रश्नपत्र प्रथम व द्वितीय कालांश एवं गणित का प्रश्नपत्र पंचम व षष्टम कालांश में लिया जाना सुनिश्चित किया जावें।

- **Competency बेस्ड मैपिंग:–**

  संलग्न विषयवार Competency – के अनुसार प्रत्येक विषय के प्रश्नपत्र में 20 प्रश्न होंगें (प्रत्येक Competency के 4 प्रश्न)। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का होगा, कोई ऋणात्मक अंकन नहीं किया जायेगा। मूल्यांकन के उपरांत विद्यार्थियों के प्राप्तांकों को Competency – के अनुसार अभिलेखित किया जायेगा।

- **उत्तर–पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एवं अभिलेखीकरण–**

  Assessment के उपरांत उत्तर–पुस्तिकाओं का मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर किया जाएगा। प्रत्येक विद्यार्थी के Competency wise प्राप्तांक निर्धारित मैपिंग के अनुसार संधारित किए जायेंगे, जिससे ऑनलाइन प्रविष्टि के समय किसी प्रकार की त्रुटि न हो। संस्था प्रधान यह सुनिश्चित करेंगे कि विद्यालय स्तर पर सभी उत्तर पुस्तिकाएं सुरक्षित रूप से संधारित की जावें।

RajKaj Ref No.: 23852054

Digitally signed by LALIT KUMAR
Designation: Director
Date: 2026-08-07 18:23:07 IST

- **ऑनलाइन अंक प्रविष्टिः—**

  शालादर्पण पर मॉड्यूल में लाइव होने पर प्रत्येक विद्यार्थी के Competency-wise प्राप्तांकों की 30 अगस्त, 2026 तक अनिवार्य रूप से शालादर्पण पर ऑनलाइन प्रविष्टि की जानी सुनिश्चित करेंगें।

अतः उक्त के संबंध में निर्देशित किया जाता है कि आप अपने कार्यक्षेत्र के समस्त विद्यालयों में कक्षा 2 से 5 हिन्दी एवं गणित विषय के FLN आकलन उक्त Assessment का सफल आयोजन निर्धारित दिनांक पर करवाते हुए इस आकलन की नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जानी सुनिश्चित करेंगे।

**संलग्नः— उपरोक्तानुसार।**

(ललित कुमार)
**आई.ए.एस**
निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर एवं पदेन
अति राज्य परि. निदेशक (वरिष्ठ)
समग्र शिक्षा अभियान (समसा)

**प्रतिलिपिः— निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित—**

1. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा, जयपुर। (जरिये—ईमेल)
2. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर। (जरिये—ईमेल)
3. निदेशक, राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर। (जरिये—ईमेल)
4. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एनआईसी, जयपुर को इस संबंध में निर्देशित किया जाता है कि RSCERT द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रश्न—पत्रों को निर्धारित समयावधि में शिक्षक App एवं शालादर्पण पोर्टल पर उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें, ताकि सभी विद्यालय निर्धारित तिथि एवं समय पर प्रश्न—पत्र डाउनलोड कर सकें।
5. उपनिदेशक, शालादर्पण को प्रेषित कर लेख है कि उक्तानुसार अंक प्रविष्टि हेतु मॉडयूल उपलब्ध करवाया जाना सुनिश्चित करने बाबत।
6. स्टाफ ऑफिसर, माध्यमिक/प्रारंभिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर।
7. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा।
8. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा।
9. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक सन्दर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा।
10. समस्त पीईईओ/यूसीईईओ।

निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर एवं पदेन
अति. राज्य परि. निदेशक(वरिष्ठ)
समग्र शिक्षा अभियान (समसा)



Digitally signed by
LALIT KUMAR
Designation: Director
Date: 2026-08-07
18:23:07 IST

# FLN ASSESSMENT

## दक्षताएँ
## (कक्षा- 2 से 5)

### गणित

- C-8.2 अपने आस-पास के आकार और संख्याओं में सरल पैटर्न की पहचान और विस्तार करता है।
- C-8.4 99 तक की संख्याओं को आरोही और अवरोही क्रम में व्यवस्थित करता है।
- C-8.6 संयोजन और वियोजन की लचीली रणनीतियों का उपयोग करके सरलता और विशुद्धता के साथ 2-अंकीय संख्याओं को जोड़ता है और घटाता है।
- C-8.7 गुणा को बार-बार जोड़ के रूप में और विभाजन को समान बटवारे के रूप में पहचानता है।
- C-8.11 ₹100 तक की मुद्रा का उपयोग करके सरल लेन-देन करता है।

### हिंदी

- C-9.3 धाराप्रवाह और सार्थक बातचीत करता है।
- C-10.1 ध्वन्यात्मक जागरुकता विकसित करता है और स्वरों / शब्दांशों को शब्दों में मिश्रित करने और शब्दों को ध्वनि / शब्दों में खंडित करने में सक्षम होता है।
- C-10.3 लिपि की वर्णमाला के सभी अक्षरों (अक्षर के रूप) को पहचानता है और इस ज्ञान को पढ़ने और लिखने के लिए उपयोग करता है।
- C-10.5 वह स्वतः ही कहानी के भागों, रूपरेखा और लेखक के नजरिए को पहचानता है।
- C-10.8 अपनी समझ और अनुभवों को व्यक्त करने के लिए एक आलेख लिखता है।

